भाग-I

हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता

1. निम्नलिखित में से कौन से मूर्धन्य व्यंजन हैं ?
(A) ड, ढ (B) ज, झ
(C) प, फ (D) ग, घ

2. नामधातु क्रिया का प्रयोग किस वाक्य में है ?
(A) उसने मेरी पूरी संपत्ति हथिया ली ।
(B) मैंने नौकर से पूरे घर की सफाई करवाई ।
(C) वह खाना खाकर सो गया ।
(D) सुरेश ने एक महल बनवाया ।

3. "बीना जल्दी चली आ ।" में विधेय विस्तारण है
(A) चली (B) बीना
(C) आ (D) जल्दी

4. निम्नलिखित में से कौन सी 'सुमित्रानंदन पंत' की कृति नहीं है ?
(A) कुरुक्षेत्र (B) वीणा
(C) पल्लव (D) स्वर्णधूलि

5. संयुक्त वाक्य की पहचान क्या होती है ?
(A) इसमें दो वाक्य होते हैं ।
(B) एक प्रधान उपवाक्य और एक या अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं ।
(C) वाक्य में मुख्य क्रिया एक ही होती है ।
(D) एक प्रधान और एक समानाधिकरण उपवाक्य होता है और दोनों उपवाक्य आपस में स्वतंत्र रहते हुए किसी योजक (और, अथवा, किन्तु आदि) से जुड़े होते हैं ।

6. जिस क्रिया से सूचित होने वाला व्यापार कर्त्ता करे और उसका फल कर्त्ता पर ही पड़े उसे ____ क्रिया कहते हैं ।
(A) अकर्मक (B) सकर्मक
(C) व्युत्पन्न (D) सम्मिश्र

7. 'के लिए' किस कारक का चिह्न है ?
(A) संप्रदान (B) अपादान
(C) कर्म (D) सम्बन्ध

8. निम्नलिखित में से किस अलंकार में शब्द का प्रयोग एक ही बार किया जाता है पर उसके एक से अधिक अर्थ निकलते हैं ?
(A) श्लेष अलंकार (B) यमक अलंकार
(C) उपमा अलंकार (D) रूपक अलंकार

9. निम्नलिखित में कौन सा पत्र औपचारिक पत्र नहीं है ?
(A) अंकतालिका की नई प्रति प्राप्त करने के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षण बोर्ड को लिखा जाने वाला पत्र
(B) कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पुत्र के लिए पिता द्वारा लिखा जाने वाला बधाई पत्र
(C) पुस्तकें मँगवाने के लिए पुस्तक विक्रेता को लिखा जाने वाला पत्र
(D) अवकाश के लिए विद्यालय-प्राचार्य को लिखा गया आवेदन पत्र

10. नीचे दिए गए उदाहरणों के साथ संधि का नाम किस विकल्प में अशुद्ध है ?
(A) दिगंबर – व्यंजन संधि (B) महार्णव – दीर्घ संधि
(C) सदैव – वृद्धि संधि (D) वनोत्सव – दीर्घ संधि

11. जब स्वरों के उच्चारण में ध्वनि मुख के साथ-साथ नासिका द्वार से भी निकलती है, उस अनुनासिकता को प्रकट करने के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है ?
(A) रेफ (B) चंद्रबिंदु
(C) अनुस्वार-बिंदु (D) नुक्ता

12. किस युग्म में अशुद्धि है ?
(A) सतसई – द्विगु समास
(B) प्रतिवर्ष – कर्मधारय समास
(C) दालरोटी – द्वंद्व समास
(D) आजन्म –अव्ययीभाव समास

13. 'यदि नेहा परिश्रम करती तो परीक्षा में अवश्य उत्तीर्ण हो जाती ।' क्रिया का काल कौन सा है ?
(A) आसन्न भूतकाल
(B) संदिग्ध भूतकाल
(C) हेतुहेतुमद् भूतकाल
(D) अपूर्ण भूतकाल

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

14. रेखांकित पदबंध का प्रकार बताइए।
उस जैसा जिंदादिल इन्सान मिलना कठिन है।
(A) विशेषण पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध
(C) क्रिया-विशेषण पदबंध (D) संज्ञा पदबंध

15. पदबंध को व्यक्त करने के लिए कौन सा विकल्प सर्वोचित है ?
(A) पदबंध शब्दों का समूह है, जो वाक्य से स्वतंत्र होता है।
(B) पदबंध एक से अधिक शब्दों का समूह है, जो मिलकर एक पद की इकाई के रूप में कार्य करता है।
(C) पदबंध पदों का समूह है, जो अनेक पदों का कार्य करता है।
(D) पदबंध उपवाक्य का दूसरा नाम है।

16. नीचे दी गई तालिका में अशुद्ध मेल कौन सा है ?

| | वर्ण | प्राणतत्व की मात्रा के आधार पर | श्वास कम्पन के आधार पर | उच्चारण स्थान के आधार पर |
|---|---|---|---|---|
| (A) | क | अघोष | अल्पप्राण | कण्ठ |
| (B) | छ | अघोष | महाप्राण | तालु |
| (C) | ड | सघोष | अल्पप्राण | मूर्द्धा |
| (D) | ध | सघोष | महाप्राण | ओष्ठ |

17. अर्द्धविराम-चिह्न कहाँ लगता है ?
(A) जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा थोड़ा कम रुकना हो।
(B) जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा थोड़ा अधिक रुकना हो।
(C) उद्धरण चिह्न के पहले।
(D) जहाँ कोई निर्देश देना हो।

18. वैदिक संस्कृत से लेकर आधुनिक युग तक की हिंदी के विकास का सही क्रम कौन सा है ?
(A) वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश
(B) लौकिक संस्कृत, वैदिक संस्कृत, अपभ्रंश, प्राकृत, पालि
(C) वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, अपभ्रंश, पालि, प्राकृत
(D) वैदिक संस्कृत, अपभ्रंश, लौकिक संस्कृत, पालि, प्राकृत

19. भवन और भुवन का अर्थ किस विकल्प में सही है ?
(A) चौदह लोक - प्रासाद (B) गृह - वन
(C) आकाश - संसार (D) महल - जगत

20. किस युग्म का विलोम रूप शुद्ध नहीं है ?
(A) औदार्य - अनौदार्य (B) उत्कर्ष - अपकर्ष
(C) संधि - समास (D) श्वास - नि:श्वास

21. निम्नलिखित में किस विकल्प में सभी शब्द पर्यायवाची हैं ?
(A) सतीश, शंकर, महेश्वर, शिव
(B) चपला, सौदामिनी, चंचला, मेखला
(C) शार्दूल, अयाल, केहरी, व्याघ्र
(D) अच्युत, गरुड़ध्वज, विनायक, भालचंद्र

22. अकर्मक धातुओं से बनने वाला और सदैव एकवचन पुल्लिंग और अन्य पुरुष की क्रिया वाला वाच्य कौन सा संभव है ?
(A) कर्तृवाच्य
(B) कर्मवाच्य
(C) भाववाच्य
(D) कर्मवाच्य और भाववाच्य

23. शब्दों के आदि में जुड़कर शब्दों के अर्थ में विशेषता लाने वाले शब्दांश क्या कहलाते हैं ?
(A) प्रत्यय (B) उपसर्ग
(C) क्रिया-विशेषण (D) निपात

24. "आज हमारी बारी है।" में 'आज' कौन सा पद है ?
(A) संज्ञा (B) सर्वनाम
(C) क्रिया-विशेषण (D) क्रिया

25. रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए।
एक ऐसा पत्र लिखो जिसमें विद्यालय की सभी समस्याओं का उल्लेख हो।
(A) संज्ञा उपवाक्य
(B) विशेषण उपवाक्य
(C) क्रिया-विशेषण उपवाक्य
(D) प्रधान उपवाक्य

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्र. 26-30)

मेरा मन कभी-कभी बैठ जाता है । समाचार-पत्रों में ठगी, डकैती, चोरी और भ्रष्टाचार के समाचार भरे रहते हैं । ऐसा लगता है देश में कोई ईमानदार आदमी रह ही नहीं गया है । हर व्यक्ति संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है । इस समय सुखी वही है, जो कुछ नहीं करता । जो भी कुछ करेगा, उसमें लोग दोष खोजने लगेंगे । उसके सारे गुण भुला दिये जायेंगे और दोषों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाने लगेगा । दोष किसमें नहीं होते ? यही कारण है कि हर आदमी दोषी अधिक दिख रहा है, गुणी कम या बिलकुल ही नहीं । यह चिंता का विषय है ।

तिलक और गांधी के सपनों का भारतवर्ष क्या यही है ? विवेकानंद और रामतीर्थ का आध्यात्मिक ऊँचाई वाला भारतवर्ष कहाँ है ? रवींद्रनाथ ठाकुर और मदनमोहन मालवीय का महान, सुसंस्कृत और सभ्य भारतवर्ष पतन के किस गहन गर्त में जा गिरा है ? आर्य और द्रविड़, हिंदू और मुसलमान, यूरोपीय और भारतीय आदर्शों की मिलनभूमि 'महामानव समुद्र' क्या सूख ही गया है ?

यह सही है कि इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बना है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह श्रमजीवी पिस रहे हैं और झूठ और फरेब का रोज़गार करने वाले फल-फूल रहे हैं । ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है । सचाई केवल भीरु और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है । ऐसी स्थिति में जीवन के मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था ही हिलने लगी है, किंतु ऐसी दशा से हमारा उद्धार जीवन-मूल्यों में आस्था रखने से ही होगा । ऐसी स्थिति में हताश हो जाना ठीक नहीं है ।

26. 'मेरा मन कभी-कभी बैठ जाता है ।' का आशय क्या है ?
   (A) लेखक का हृदय देश की दुर्दशा देखकर चिंतित हो जाता है ।
   (B) लोग बेईमान हो गए हैं ।
   (C) सचाई केवल भीरु और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है ।
   (D) झूठ और फरेब का रोज़गार करने वाले फल-फूल रहे हैं ।

27. लेखक ने चिंता का विषय किसे कहा है ?
   (A) ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह श्रमजीवी पिस रहे हैं ।
   (B) ऐसी प्रवृत्ति चिंता का विषय है, जिसके कारण लोग हर आदमी को दोषी समझने लगे हैं ।
   (C) जीवन के मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था ही हिलने लगी है ।
   (D) समाचार-पत्रों में ठगी, डकैती, चोरी और भ्रष्टाचार के समाचार भरे रहते हैं ।

28. ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय कैसे समझा जाने लगा है ?
   (A) आज सभी को बेईमानी से कमाना अच्छा लगता है ।
   (B) पूरे देश में ही बेईमानी बस गई है ।
   (C) जो ईमानदारीपूर्वक मेहनत की कमाई करते हैं, उन्हें लोग मूर्ख समझते हैं ।
   (D) देश की सम्पूर्ण व्यवस्था भ्रष्टाचार के दलदल में समा गई है ।

29. "हताश हो जाना ठीक नहीं है ।" इस वाक्य को लिखने का लेखक का क्या तात्पर्य है ?
   (A) लेखक देश की दशा से दुःखी है ।
   (B) लेखक देश की दशा से चिंतित है ।
   (C) तिलक, गांधी, विवेकानंद, रवींद्रनाथ ठाकुर, मदनमोहन मालवीय आदि के सपने ऐसे भारत के नहीं थे ।
   (D) जीवन के मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था पुनः प्रतिस्थापित हो सकेगी और देश का उद्धार जीवन-मूल्यों में आस्था रखने से ही होगा ।

30. 'निरीह' शब्द कौन सी व्याकरणिक इकाई है ?
   (A) संज्ञा
   (B) सर्वनाम
   (C) विशेषण
   (D) सम्बन्धबोधक

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide



## सामान्य बुद्धि परीक्षण / General Intelligence Test

**31.** A, B, C, D, E, F और G एक गोलाकार मेज के चारों ओर एक-दूसरे की ओर मुख करके बैठे हैं। F, C के बायें बगल में है और G, C के बायें से दूसरे स्थान पर है। A, E के बायें से तीसरे स्थान पर बैठा है। B, D और E के बीच में है। B के ठीक दायें कौन बैठा है ?

A, B, C, D, E, F and G are seated around a circular table with faces at each other. F is next to the left of C and G is second to the left of C. A is seated third to the left of E. B is between D and E. Who is sitting to the immediate right of B ?

(A) D (B) A

(C) F (D) E

**32.** निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(i) Y @ Z का अर्थ है कि Y, Z की माँ है।

(ii) Y $ Z का अर्थ है कि Y, Z का पति है।

(iii) Y + Z का अर्थ है कि Y, Z की बहन है।

(iv) Y * Z का अर्थ है कि Y, Z का पुत्र है।

Read the following information carefully and answer the question given below it :

(i) Y @ Z means Y is mother of Z.

(ii) Y $ Z means Y is husband of Z.

(iii) Y + Z means Y is sister of Z.

(iv) Y * Z means Y is son of Z.

निम्नलिखित में से कौन सा संबंध 'M, N की बेटी है' को दर्शाता है ?

Which of the following indicates the relation 'M is daughter of N' ?

(A) N@B+F*M (B) N@B+M*F

(C) M+F*B@N (D) M+F*B$N

**33.** निम्नलिखित प्रश्न में कथन दिए गए हैं और इन कथनों के बाद निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। निष्कर्षों को पढ़ें और फिर तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा सामान्य ज्ञात तथ्यों को नजरअंदाज करते हुए दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

**कथन :** कुछ प्रश्न उत्तर हैं। कुछ उत्तर लेखक हैं। सभी लेखक कवि हैं।

**निष्कर्ष :**
I. कुछ लेखक उत्तर हैं।
II. कुछ कवि प्रश्न हैं।
III. सभी प्रश्न कवि हैं।
IV. कुछ कवि उत्तर हैं।

(A) केवल I और II अनुसरण करते हैं।
(B) केवल I और IV अनुसरण करते हैं।
(C) केवल III और IV अनुसरण करते हैं।
(D) केवल II और III अनुसरण करते हैं।

In the following question statements are given and these statements are followed by conclusions. You have to take the given statements to be true even if they seem to be at variance from commonly known facts. Read the conclusions and then decide which of the given conclusions logically follows from the given statements, disregarding commonly known facts.

**Statements :** Some questions are answers. Some answers are writers. All the writers are poets.

**Conclusions :**
I. Some writers are answers.
II. Some poets are questions.
III. All the questions are poets.
IV. Some poets are answers.

(A) Only I and II follows.
(B) Only I and IV follows.
(C) Only III and IV follows.
(D) Only II and III follows.

**34.** एक कक्षा में 150 छात्र हैं और लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या से दोगुनी है। लड़कों में से एक, कुणाल, शीर्ष से 25वें स्थान पर है और केवल 10 लड़कियाँ कुणाल से आगे हैं। उसके बाद कितने लड़के हैं ?

In a class, there are 150 students and the number of boys is twice as much as the number of girls. One of the boys, Kunal, ranked $25^{th}$ from the top and only 10 girls are ahead of Kunal. How many boys are there after him ?

(A) 90 (B) 75

(C) 85 (D) निर्धारित नहीं किया जा सकता / Cannot be determined.

35. यदि किसी निश्चित भाषा में ELECTION को HNHERFMK के रूप में कोडित किया जाता है, तो FLOATING को उसी कोड में कैसे कोडित किया जाएगा ?

If in certain language ELECTION is coded as HNHERFMK, then how is FLOATING coded in the same code ?

(A) INRCRFLD (B) IMQBRFMD
(C) IMPBPHME (D) INRCSFMD

36. समान पैटर्न का अनुसरण करते हुए दी गई शृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए ।


Find the missing number in the given series following the same pattern.

18, 24, 84, 294, 798, (?)

(A) 1682 (B) 1788 (C) 1867 (D) 1932

37. नीचे दिखाए गए चित्र में त्रिभुजों की संख्या गिनें :

In below shown figure, count the number of triangles :



(A) 15 (B) 16 (C) 17 (D) 18

38. लुप्त संख्या ज्ञात कीजिये ।

Find the missing number.

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 9 | 14 |
| 17 | 13 | 8 |
| 68 | 117 | ? |

(A) 108 (B) 110 (C) 112 (D) 114

39. 8 पुस्तकें एक के ऊपर एक रखी हुई हैं । ऊपर से गिनती करें तो दूसरी, पाँचवीं और छठी किताबें हिंदी पर हैं । हिंदी की दो किताबें अंग्रेजी की दो किताबों के बीच में हैं । हिंदी की एक किताब संस्कृत की दो किताबों के बीच में है । जबकि गुजराती की किताब के ऊपर वाली किताब अंग्रेजी की किताब है । कौन सी किताब ऊपर से चौथी है ?

(A) संस्कृत (B) हिंदी (C) गुजराती (D) अंग्रेजी

8 books are kept one over the other. Counting from top, the second, fifth, and sixth books are on Hindi. Two books on Hindi are between two books on English. One book of Hindi is between two books on Sanskrit. While the book above the book of Gujarati is a book of English. Which book is fourth from the top ?

(A) Sanskrit (B) Hindi
(C) Gujarati (D) English

40. दिए गए शब्दों को उसी क्रम में व्यवस्थित करें जिस क्रम में वे शब्दकोष में आते हैं और फिर सही क्रम चुनिए।

Arrange the given words in the sequence in which they occur in the dictionary and then choose the correct sequence.

1. Preach 2. Praise
3. Precinct 4. Precept
5. Precede

(A) 2,1,3,5,4 (B) 2,1,3,4,5
(C) 2,1,5,3,4 (D) 2,1,5,4,3

41. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं । आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है, फिर दोनों निष्कर्षों पर एक साथ विचार करना है और निर्णय लेना है कि उनमें से कौन सा कथन में दी गई जानकारी से उचित संदेह से परे तार्किक रूप से अनुसरण करता है ।

**कथन** : विपक्षी दल ने बढ़ी हुई बेरोजगारी दर को लेकर सरकार की आलोचना की ।

**निष्कर्ष** : I. बढ़ी हुई बेरोजगारी दर के लिए केवल सरकार जिम्मेदार है ।

II. बढ़ती बेरोजगारी दर को रोकने के लिए सरकार ने कोई बड़ा फैसला नहीं लिया है ।

(A) केवल निष्कर्ष I निहित है ।
(B) केवल निष्कर्ष II निहित है ।
(C) I और II दोनों निहित हैं ।
(D) न तो I और न ही II निहित है ।

In the question below is given a statement followed by two conclusions numbered I and II. You have to assume everything in the statement to be true, then consider the two conclusions together and decide which of them logically follows beyond a reasonable doubt from the information given in the statement.

**Statement** : The opposition party criticized the government over the increased unemployment rate.

**Conclusions** :

I. Only the government is responsible for the increased unemployment rates.

II. Government has not taken any major decisions to stop the increasing unemployment rate.


(A) Only conclusion I is implicit.
(B) Only conclusion II is implicit.
(C) Both I and II are implicit.
(D) Neither I nor II is implicit.

www.prepp.in


Prepp
Your Personal Exams Guide

42. कौन-सी उत्तर आकृति समस्या आकृतियों द्वारा स्थापित शृंखला को जारी रखेगी ?
Which answer figure will continue the same series as established by the problem figures ?

समस्या आकृतियाँ / Problem figures :



उत्तर आकृतियाँ / Answer figures :



(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

43. यहाँ कृत्रिम भाषा से अनुवादित कुछ शब्द दिए गए हैं।
*gorblflur* का अर्थ fan belt है।
*pixngorbl* का अर्थ ceiling fan है।
*arthtusl* का अर्थ tile roof है।
किस शब्द का अर्थ "ceiling tile" हो सकता है ?
Here are some words translated from an artificial language.
*gorblflur* means fan belt.
*pixngorbl* means ceiling fan.
*arthtusl* means tile roof.
Which word could mean "ceiling tile" ?
(A) *gorbltusl* (B) *flurgorbl*
(C) *arthflur* (D) *pixnarth*

44. रेलवे स्टेशन पहुँचने पर आपको पता चलता है कि जिस ट्रेन को आप पकड़ना चाहते थे वह चलने वाली है और टिकट खरीदने का समय ही नहीं बचा है। आपके लिए सबसे अच्छी बात यह है
(A) ट्रेन छोड़ने की बजाय उसे पकड़ लें और अगले स्टॉपेज पर टी.टी.आई. को टिकट खरीदने में असमर्थता के बारे में सूचित करें।
(B) ट्रेन में चढ़ जाएँ और चुपचाप अपनी यात्रा करें।
(C) पहले टिकट खरीदें और बाद में यदि ट्रेन वहाँ पर है तो उसे पकड़ें।
(D) चलती ट्रेन में चढ़ने का जोखिम लेने के बजाय ट्रेन छूटने दें।
On reaching the railway station, you find that the train you wanted to catch is just to start and there is hardly any time for purchasing the ticket. The best thing for you is to:
(A) Rush to the train rather than miss it and inform the T.T.I. at the next stoppage about your inability to purchase the ticket.
(B) Rush to the train and perform your journey quietly.
(C) First purchase the ticket and then catch the train if it is there.
(D) Miss the train rather than take the risk of boarding the moving train.

45. निर्देश : कथन I और II दिए गए हैं, उसके बाद दो निष्कर्ष/धारणाएँ I और II दिए गए हैं। आपको कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों/धारणाओं में से कौन सा, यदि कोई हो, दिए गए कथनों का अनुसरण करता है।
कथन : I. प्रधानमंत्री सुबह 10 बजे लोगों को संबोधित करेंगे।
II. आपसे अनुरोध है कि प्रातः 10 बजे से पूर्व अपना स्थान ग्रहण कर लें।
धारणाएँ : I. यदि लोग सुबह 10 बजे से पहले अपनी सीट पर नहीं हैं तो समारोह शुरू नहीं होगा।
II. समारोह तय कार्यक्रम के अनुसार शुरू होगा।
(A) धारणा I अंतर्निहित है।
(B) धारणाएँ I और II दोनों अंतर्निहित हैं।
(C) न तो धारणा I और न ही धारणा II अंतर्निहित है।
(D) धारणा II अंतर्निहित है।
**Direction** : Statements I and II are given, followed by two conclusions/assumptions I and II. You have to consider the statements to be true even if they seem to be at variance from commonly known facts. You have to decide which of the given conclusions/assumptions, if any, followed from the given statements.
**Statements :** I. The prime-minister will address the people at 10 a.m.
II. You are requested to take your seats before 10 a.m.
**Assumptions :** I. If the people are not on their seat before 10 a.m. the function will not start.
II. The function will start as scheduled.
(A) Assumption I is implicit.
(B) Both Assumptions I and II are implicit.
(C) Neither Assumption I nor Assumption II is implicit
(D) Assumption II is implicit.

46. "कोसा सिल्क" जो एक भारतीय रेशमकीट एंथेरिया माइलिटा के कोया से प्राप्त होता है, निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है ?
(A) आंध्र प्रदेश (B) छत्तीसगढ़
(C) तमिलनाडु (D) तेलंगाना

"Kosa Silk" which is derived from the cocoons of Antheraea mylitta-an Indian silkworm refers to which among the following states ?
(A) Andhra Pradesh (B) Chhattisgarh
(C) Tamil Nadu (D) Telangana

47. सूर्य का प्रकाश जो ऊर्जा का प्राथमिक स्रोत है, निम्नलिखित में से किस सेल का उपयोग करके बिजली में परिवर्तित किया जाता है ?
(A) प्राथमिक सेल
(B) इलेक्ट्रोलाइटिक (विद्युत-अपघटनी) सेल
(C) गैल्वेनिक सेल
(D) फोटोवोल्टिक सेल

Sunlight which is a primary source of energy, is converted into electricity by using which of the following cells ?
(A) Primary cell (B) Electrolytic cell
(C) Galvanic cell (D) Photovoltaic cell

48. निम्नलिखित में से कौन हाल ही में एशियाई तलवारबाजी चैम्पियनशिप पदक में कांस्य पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने ?
(A) कुमार आकाश (B) अवति राधिका प्रकाश
(C) भवानी देवी (D) चिनगाखम जेटली सिंह

Who among the following became first Indian to win a bronze medal in Asian Fencing Championship medal recently ?
(A) Kumar Akash
(B) Awati Radhika Prakash
(C) Bhavani Devi
(D) Chinagakham Jetlee Singh

49. उस कार्यक्रम का नाम बताएँ जो हाल ही में उद्योग और शिक्षा क्षेत्र में रक्षा अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।
(A) डीआरडीओ विकास शिविर
(B) आर एंड डी चिंतन शिविर
(C) अनुसंधान विकास शिविर
(D) अनुसंधान चिंतन शिविर

Give name of an event which was recently organized in New Delhi by DRDO (Defence Research and Development Organisation) in order to promote Defence research & development in industry and academia.
(A) DRDO Vikas Shivir
(B) R & D Chintan Shivir
(C) Anusandhaan Vikas Shivir
(D) Anusandhaan Chintan Shivir

50. हाल ही में, भारत ने निम्नलिखित में से किस विदेशी मित्र देश की नौसेना को उनकी नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 1991 में कमीशन किए गए खुकरी क्लास का युद्धपोत आईएनएस किरपान उपहार में दिया ?
(A) वियतनाम (B) पापुआ न्यू गिनी
(C) इंडोनेशिया (D) मिस्र

Recently, India gifted INS Kirpan - a warship from the Khukri Class commissioned in 1991 to the Navy of which among the following foreign friend countries to bolster their naval capabilities ?
(A) Vietnam (B) Papua New Guinea
(C) Indonesia (D) Egypt

51. भारत में, "मानहानि" को आईपीसी (भारतीय दंड संहिता) की किस धारा में परिभाषित किया गया है ?
(A) धारा 400 (B) धारा 349
(C) धारा 499 (D) धारा 419

In India, "Defamation" is defined in which section of IPC (The Indian Penal Code) ?
(A) Section 400 (B) Section 349
(C) Section 499 (D) Section 419

52. "नुआ खाई – एक फसल उत्सव" भारत में मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है ?
(A) तेलंगाना (B) मेघालय
(C) असम (D) ओडिशा

"Nua Khai - a harvest festival" is mainly celebrated in which among the following states in India ?
(A) Telangana (B) Meghalaya
(C) Assam (D) Odisha

53. भारतीय संविधान में किस याचिका का अर्थ है "सूचित होना" या "प्रमाणित होना" ?
(A) निषेध (Prohibition)
(B) अधिकार-पृच्छा (Quo-Warranto)
(C) उत्प्रेषण (Certiorari)
(D) बंदी-प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus)

Which writs in the Indian Constitution mean "To be informed" or "To be certified" ?
(A) Prohibition (B) Quo-Warranto
(C) Certiorari (D) Habeas Corpus

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

54. "आईआईएचआर (IIHR) - भारतीय बागवानी और अनुसंधान संस्थान" बागवानी के विभिन्न पहलुओं पर बुनियादी, रणनीतिक, प्रत्याशित और व्यावहारिक अनुसंधान के लिए एक केंद्रक अभिकरण (नोडल एजेंसी) है । इस संगठन का मुख्य अनुसंधान स्टेशन निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?
(A) तेलंगाना (B) हिमाचल प्रदेश
(C) उत्तराखंड (D) कर्नाटक

"IIHR - The Indian Institute of Horticulture and Research" is a nodal agency for basic, strategic, anticipatory and applied research on various aspects of horticulture. This organization's main research station is located in which of the following states ?
(A) Telangana (B) Himachal Pradesh
(C) Uttarakhand (D) Karnataka

55. निम्नलिखित में से किस घटना के बाद वल्लभभाई पटेल को "सरदार" की उपाधि मिली ?
(A) खेड़ा सत्याग्रह (B) दांडी यात्रा
(C) बारडोली सत्याग्रह (D) चंपारण सत्याग्रह

After which of the following events Vallabhbhai Patel got the title of "Sardar" ?
(A) Kheda Satyagraha
(B) Dandi March
(C) Bardoli Satyagraha
(D) Champaran Satyagraha

56. निम्नलिखित भारतीय रेलवे मार्गों में से किसको ब्रिटिश काल के दौरान "क्राउन ज्वेल" माना जाता था और इसमें दुनिया का सबसे ऊँचा मल्टी-आर्च गैलरी ब्रिज भी शामिल है ?
(A) माथेरान हिल रेलवे
(B) कालका-शिमला रेलवे
(C) दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे
(D) चिल्का रेलवे मार्ग

Which among following Indian railway routes was considered as "Crown Jewel" during British time and also includes the world's highest multi-arch gallery bridge ?
(A) The Matheran Hill Railway
(B) The Kalka-Shimla Railway
(C) The Darjeeling Himalayan Railway
(D) The Chilka Railway Route

57. विष्णु शर्मा द्वारा लिखी गई प्रसिद्ध पुस्तक "पंचतंत्र" जिसमें पशु दंतकथाएँ और कहानियाँ शामिल हैं, मुख्य रूप से मौखिक परंपराओं से संबंधित हैं, जो मूल रूप से निम्नलिखित में से किस भाषा में लिखी गई थी ?
(A) पालि (B) मैथिली
(C) प्राकृत (D) संस्कृत

The famous book "Panchatantra" that was written by Vishnu Sharma which contains animal fables and stories primarily belonging to oral traditions, was originally written in which one among the following languages ?
(A) Pali (B) Maithili
(C) Prakrit (D) Sanskrit

58. भारत में स्थित उस-पर्वतीय चोटी का नाम बताएँ जिसे "महान बर्फ के पाँच खजाने" के रूप में जाना जाता है, पाँच खजाने पाँच भंडार : सोना, चाँदी, रत्न, अनाज और भगवान की पवित्र पुस्तकों का प्रतिनिधित्व करते हैं ।
(A) नंदा देवी (B) कंचनजंगा
(C) धौलागिरि (D) कामेत

Give name of the mountain peak situated in India which is known as "The five treasures of the great snow", the five treasures represent the five repositories: gold, silver, gems, grain, and holy books of God.
(A) Nanda Devi (B) Kanchenjunga
(C) Dhaulagiri (D) Kamet

59. निम्नलिखित प्रसिद्ध भारतीय जलप्रपातों और उनसे संबंधित राज्यों का मिलान करें :
(i) मैगोड - (a) केरल
(ii) नोहकलिकाई - (b) तमिलनाडु
(iii) मीनमुट्टी - (c) मेघालय
(iv) थलैयार - (d) कर्नाटक

Match the following famous Indian waterfalls and their corresponding states :
(i) Magod - (a) Kerala
(ii) Nohkalikai - (b) Tamil Nadu
(iii) Meenmutty - (c) Meghalaya
(iv) Thalaiyar - (d) Karnataka
(A) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(b)
(B) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a)
(C) (i)-(c), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(b)
(D) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(a), (iv)-(b)

60. वर्ष 1982 में नई दिल्ली में आयोजित किस खेल कार्यक्रम के शुभंकर (mascot) के रूप में "अप्पू-एक हाथी" का उपयोग किया गया था ?

(A) राष्ट्रीय खेल

(B) विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप

(C) एशियाई खेल

(D) भारतीय कुश्ती चैम्पियनशिप

"Appu - an elephant" was used as a mascot for which sports event organized in New Delhi in the year 1982 ?

(A) National Games

(B) World Table Tennis Championship

(C) Asian Games

(D) Indian Wrestling Championship

61. भारत का राष्ट्रीय कैलेंडर शक संवत पर आधारित है, जिसका पहला महीना ________ है और आधिकारिक उद्देश्यों के लिए ग्रेगोरियन कैलेंडर के साथ 22 मार्च, 1957 से 365 दिनों का एक सामान्य वर्ष अपनाया गया था ।

(A) कार्तिक (B) आषाढ़

(C) पौष (D) चैत्र

The national calendar of India is based on the Saka era, with ________ as its first month and a normal year of 365 days was adopted from 22 March, 1957 along with the Gregorian calendar for official purposes.

(A) Kartika (B) Ashadha

(C) Pausha (D) Chaitra

62. फ़िरोज़शाह कोटला किला 1354 में सुल्तान फ़िरोज़शाह तुगलक ने बनवाया था । यह किला किस नदी के तट पर बनाया गया था ?

(A) गंगा (B) यमुना

(C) गोदावरी (D) हिंडन

Feroz Shah Kotla Fort was built by Sultan Feroz Shah Tughlaq in 1354. This fort was built on the bank of which river ?

(A) Ganga (B) Yamuna

(C) Godavari (D) Hindon

63. राज्य और उसके राज्य पक्षी के संबंध में सही जोड़ी का पता लगाएँ ।

(A) सिक्किम-ग्रेटर फ्लेमिंगो (बड़ा राजहंस)

(B) राजस्थान-ब्लड फीजेंट (चिल्मिआ)

(C) महाराष्ट्र-पीले पैरों वाला हरा कबूतर (हरियल)

(D) गुजरात-ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (सोन चिरैया, गोडावण)

Find out the correct pair regarding the state and its state bird.

(A) Sikkim-Greater Flamingo

(B) Rajasthan-Blood Pheasant (Chilmia)

(C) Maharashtra-Yellow Footed Green Pigeon (Harial)

(D) Gujarat- Great Indian Bustard (Son Chiraiya, Godawan)

64. निम्नलिखित में से कौन सा केरल राज्य सरकार का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है जिसका नाम राज्य के 16वीं शताब्दी के एक भक्ति कवि के नाम पर रखा गया है ?

(A) कुमारनाशन पुरस्कारम

(B) नृपतुंगा पुरस्कार

(C) एजुथाचन पुरस्कारम

(D) कुप्पाली वेंकटप्पा पुट्टप्पा सम्मान

Which among the following is the Kerala State Government's highest literary honours that is named after a 16th century devotional poet of the state ?

(A) Kumaranashan Puraskaram

(B) Nrupatunga Award

(C) Ezhuthachan Puraskaram

(D) Kuppali Venkatappa Puttappa Samman

65. केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने मसौदा (ड्राफ्ट) केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण विनियम, 2023 जारी किया है । ड्राफ्ट के अनुसार ________ क्षेत्र से गुजरने वाली 33 केवी और उससे नीचे की सभी विद्युत लाइनों को भूमिगत किया जाएगा ।

(A) ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (सोन चिरैया)

(B) भारतीय गिद्ध

(C) इंडियन स्कीमर

(D) हिमालयी बटेर

The Central Electricity Authority (CEA) has issued Draft Central Electricity Authority Regulations, 2023. According to draft all electric lines of 33 kV and below passing through the ________ area will be undergrounded.

(A) The Great Indian Bustard (Son Chiraiya)

(B) Indian Vulture

(C) Indian Skimmer

(D) Himalayan Quail

## कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान / Concepts of Computer & Information Technology & Knowledge of Contemporary Technological Developments & Innovation in this field

66. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड जैसे वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर की कौन सी विशेषता दस्तावेज़ शीर्षकों के आधार पर अंतर्वस्तु (कंटेंट) की तालिका बनाने में सक्षम बनाती है ?
(A) हाइपरलिंक्स (B) स्टाइल्स
(C) स्पेलिंग एंड ग्रामर चेक (D) मेल मर्ज
Which feature of a word processing software such as Microsoft Word enables the creation of a table of contents based on document headings ?
(A) Hyperlinks
(B) Styles
(C) Spelling and Grammar Check
(D) Mail Merge

67. पहले यांत्रिक कैलकुलेटर को ______ कहा जाता था ।
(A) कैलकुलेटर (B) ओर्पैट
(C) गैलेलियो (D) पास्कलाइन
The first mechanical calculator was called ______.
(A) Calculator (B) Orpat
(C) Galelio (D) Pascaline

68. माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में, कौन सा फ़ंक्शन टेक्स्ट से सभी गैर-मुद्रण योग्य केरेक्टर (संप्रतिकों) को हटा देता है ?
In Microsoft Excel, which function removes all nonprintable characters from text ?
(A) CLEAN (B) IF
(C) NESTED IF (D) IFERROR

69. k-Means एलोरिथ्म एक ______ एल्गोरिथ्म है ।
(A) सुपरवाइज्ड लर्निंग
(B) अनसुपरवाइज्ड लर्निंग
(C) सेमी-सुपरवाइज्ड लर्निंग
(D) रिइंफोर्समेंट लर्निंग
The k-Means algorithm is an ______ algorithm.
(A) Supervised Learning
(B) Unsupervised Learning
(C) Semi-supervised Learning
(D) Reinforcement Learning

70. IoT उपकरणों में वायरलेस संचार के लिए आमतौर पर किस तकनीक का उपयोग किया जाता है ?
(A) ब्लूटूथ (B) ईथरनेट
(C) फाइबर ऑप्टिक (D) यूएसबी
Which technology is commonly used for wireless communication in IoT devices ?
(A) Bluetooth (B) Ethernet
(C) Fiber Optic (D) USB

71. अपाचे हडूप फ्रेमवर्क का एक बड़ा हिस्सा ______ भाषा में लिखा गया है ।
A major part of the Apache Hadoop framework is written in ______ language.
(A) C++ (B) Python
(C) JAVA (D) R Programming

72. एआई (AI) एप्लिकेशन्स को लागू करने के लिए दी गई भाषाओं में से कौन सी भाषा आमतौर पर उपयोग नहीं की जाती है ?
Which of the given languages is not commonly used for implementing AI applications ?
(A) LISP (B) PROLOG
(C) Python (D) Perl

73. माइक्रोसॉफ्ट द्वारा कौन सी ई-मेल सेवा संचालित की जाती है ?
(A) याहू मेल (B) आउटलुक
(C) जीमेल (D) आईक्लाउड (iCloud) मेल
Which e-mail service is operated by Microsoft ?
(A) Yahoo Mail (B) Outlook
(C) Gmail (D) iCloud Mail

74. साइबर-सुरक्षा हमले के लिए क्या शब्द है जो बड़े पैमाने पर अटैक नेटवर्क बनाने के लिए एक साथ कई परस्पर जुड़े उपकरणों को लक्षित करता है ?
(A) DDoS अटैक (B) बोटनेट अटैक
(C) जीरो-डे अटैक (D) स्पीयर फ़िशिंग अटैक
What is the term for a cyber-security attack that targets multiple interconnected devices simultaneously to create a large-scale attack network ?
(A) DDoS attack
(B) Botnet attack
(C) Zero-day attack
(D) Spear phishing attack

Prepp
Your Personal Exams Guide

वर्ल्ड वाइड वेब के आविष्कारक ______ हैं।

(A) टीम कूक (B) बिल गेट्स
(C) टीम बर्नर्स–ली (D) मार्क जुकरबर्ग

The inventor of the World Wide Web is ______.

(A) Tim Cook
(B) Bill Gates
(C) Tim Berners-Lee
(D) Mark Zuckerberg

76. सोशल मीडिया में हैशटैग का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?

(A) आसान खोज के लिए कीवर्ड या विषयों को चिह्नित करना।
(B) किसी पोस्ट में व्यंग्य या विडम्बना दर्शाने के लिए।
(C) किसी पोस्ट के लेखक की पहचान करने के लिए।
(D) पोस्ट को उनकी भावना के आधार पर वर्गीकृत करना।

What is the primary purpose of hashtags in social media ?

(A) To mark keywords or topics for easy searchability.
(B) To indicate sarcasm or irony in a post.
(C) To identify the author of a post.
(D) To categorize posts based on their sentiment.

77. ई-गवर्नेंस में डिजिटल दस्तावेजों की सुरक्षा और प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए अकसर किस तकनीक का उपयोग किया जाता है ?

(A) डिजिटल सिग्नेचर्स
(B) वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क्स
(C) डिस्ट्रिब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी
(D) क्लाउड कंप्यूटिंग

Which technology is often used to ensure the security and authenticity of digital documents in e-governance ?

(A) Digital signatures
(B) Virtual Private Networks (VPNs)
(C) Distributed Ledger Technology (DLT)
(D) Cloud computing

78. ई-मेल एड्रेस के भाग यूजर नेम और डोमेन नेम ______ चिह्न द्वारा अलग किए जाते हैं।

The user name and the domain name parts of an e-mail address are separated by the ______ symbol.

(A) # (B) @
(C) & (D) $

79. एक कंप्यूटर के सीपीयू में लाखों बहुत छोटे स्विच होते हैं, जिन्हें ______ कहा जाता है।

(A) बिट्स (B) बाइट्स
(C) ट्रांजिस्टर्स (D) रजिस्टर्स

A computer's CPU consists of millions of tiny switches called ______.

(A) bits (B) bytes
(C) transistors (D) registers

80. यदि पावर-पॉइंट प्रेजेंटेशन में संवेदनशील या गोपनीय डेटा है, तो आप फ़ाइल को एन्क्रिप्ट कर सकते हैं और इसे ______ से सुरक्षित कर सकते हैं।

(A) पासवर्ड (B) प्रोटेक्ट
(C) प्रेजेन्टेशन (D) पब्लिक

If a PowerPoint presentation contains sensitive or confidential data, you can encrypt the file and protect it with a ______.

(A) Password (B) Protect
(C) Presentation (D) Public

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide



## उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी / General Awareness related to Uttar Pradesh State

81. निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में एक महिला नर्तकी नृत्य करते समय अपने सिर के ऊपर रोशन दीपकों के एक स्तंभ को संतुलित करती है ?
(A) नौटंकी (B) रासलीला
(C) ख्याल (D) चरकुला
Which among the following dance forms involves a female dancer balancing a column of lighted deepaks over her head while dancing ?
(A) Nautanki (B) Raslila
(C) Khyal (D) Charkula

82. आधुनिक उपयोग के लिए टेबलवेयर जैसी उच्च चमक वाली विशेषीकृत चमकदार वस्तुएँ उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में उत्पादित की जाती हैं ?
(A) सहारनपुर और मुरादाबाद
(B) मुरादाबाद और मिर्जापुर
(C) मिर्जापुर और लखनऊ
(D) चिनहट और मॉसेलिया
Specialised glazed items with high gloss and lustre, like tableware for modern use are produced in which among the following regions of Uttar Pradesh ?
(A) Saharanpur and Moradabad
(B) Moradabad and Mirzapur
(C) Mirzapur and Lucknow
(D) Chinhat and Mausalia

83. निम्नलिखित में से कौन सा स्थान उत्तरी कौशल जनपद की राजधानी था ?
(A) श्रावस्ती (B) काशी
(C) कौसाम्बी (D) अहिच्छत्र
Which among the following places was the capital city of North Kaushal Janpad ?
(A) Shravasti (B) Kasi
(C) Kausambi (D) Ahichchhatra

84. देवगढ़ में स्थित, गुप्त काल का दशावतार मंदिर, जो भगवान विष्णु को समर्पित है, अपनी वास्तुकला की शैली के कारण उत्तर भारत में सबसे प्राचीन ज्ञात ______ है ।
(A) चौंसठ योगिनी मंदिर (B) पंचायतन मंदिर
(C) पातालपुरी मंदिर (D) विशालाक्षी मंदिर
Situated at Deogarh, Dashavatar Temple of the Gupta period which is dedicated to Lord Vishnu was earliest known ______ in north India due to its style of architecture.
(A) Chaunsath Yogini Temple
(B) Panchayatan Temple
(C) Patalpuri Temple
(D) Visalakshi Temple

85. निम्नलिखित में से किस जानवर की रक्षा के लिए हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य की स्थापना वर्ष 1986 में की गई थी ?
(A) दलदल हिरण (B) बाघ
(C) जंगली भैंस (D) लाल पांडा
Hastinapur Wildlife Sanctuary was established in the year 1986 to protect which among the following animals ?
(A) Swamp Deer (B) Tiger
(C) Wild Buffalo (D) Red Panda

86. फ़तेहपुर सीकरी को पहले "फ़तहाबाद" के नाम से जाना जाता था, यहाँ "फ़तह" शब्द का अर्थ जीत है । यह शब्द निम्नलिखित में से किस भाषा से लिया गया है ?
(A) फ़ारसी (B) उर्दू
(C) संस्कृत (D) प्राकृत
Fatehpur Sikri was formerly known as "Fatahabad", here word "Fatah" means victory. This word is derived from which among the following languages ?
(A) Persian (B) Urdu
(C) Sanskrit (D) Prakrit

87. लेखकों और उनकी कृतियों/रचनाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा गलत है ?

(A) महादेवी वर्मा - क्षणदा
(B) मैथिलीशरण गुप्त - तिलोत्तमा
(C) सूरदास - अष्ट सूर
(D) जयशंकर प्रसाद - प्रेम पथिक

Which among the following pairs is incorrect regarding authors and their work ?

(A) Mahadevi Verma - Kshanada
(B) Maithilisharan Gupt - Tillottama
(C) Surdas - Ashta Sura
(D) Jaishankar Prasad - Prem Pathik

88. सारनाथ जो "अशोक स्तम्भ" के लिए प्रसिद्ध है, वाराणसी से 10 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में किन दो नदियों के संगम के पास स्थित है ?

(A) गंगा और सोन (B) यमुना और काली
(C) बेतवा और चंबल (D) गंगा और वरुणा

Sarnath that is famous for "Ashok Stambh" is a place located 10 kms north-east of Varanasi near the confluence of which two rivers ?

(A) The Ganges and the Son
(B) The Yamuna and the Kali
(C) The Betwa and the Chambal
(D) The Ganges and the Varuna

89. अक्टूबर, 2021 तक उत्तर प्रदेश राज्य में कुल कितने नगर निगम हैं ?

How many total Nagar Nigams are there in the State of Uttar Pradesh as on October, 2021 ?

(A) 8 (B) 17 (C) 21 (D) 75

90. निम्नलिखित जीआई (भौगोलिक संकेत) टैग उत्पादों और स्थान का मिलान करें :

(i) वॉल हैंगिंग – (a) मेरठ
(ii) हस्तनिर्मित दरियां – (b) भदोही
(iii) कैंची – (c) गाज़ीपुर
(iv) हस्तनिर्मित कालीन – (d) मिर्ज़ापुर

Match the following GI (Geographical Indications) tag products and the location :

(i) Wall Hangings – (a) Meerut
(ii) Handmade Durries – (b) Bhadohi
(iii) Scissors – (c) Ghazipur
(iv) Handmade Carpets – (d) Mirzapur

(A) (i)-(c), (ii)-(d), (iii)-(b), (iv)-(a)
(B) (i)-(c), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(b)
(C) (i)-(d), (ii)-(a), (iii)-(b), (iv)-(c)
(D) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a)

91. उत्तर प्रदेश सरकार ने एक स्वायत्त संस्था के रूप में अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के अंतर्गत गैर-पारंपरिक ऊर्जा विकास एजेंसी (NEDA) का निर्माण कब किया ?

(A) मई, 1993 (B) अप्रैल, 1983
(C) जनवरी, 1984 (D) दिसंबर, 1982

When did Uttar Pradesh Government create Non-Conventional Energy Development Agency (NEDA) under the department of additional energy sources as an autonomous institution ?

(A) May, 1993 (B) April, 1983
(C) January, 1984 (D) December, 1982

92. वर्ष 1909 में आगरा में आयोजित उत्तर प्रदेश (संयुक्त प्रान्त) कांग्रेस के सामाजिक सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी ?

(A) जवाहरलाल नेहरू (B) रोमेश चंद्र दत्त
(C) मोतीलाल नेहरू (D) लाला लाजपत राय

Who presided over the Social Conference of the Uttar Pradesh (United Provinces) Congress held at Agra in the year 1909 ?

(A) Jawaharlal Nehru
(B) Romesh Chandra Dutt
(C) Motilal Nehru
(D) Lala Lajpat Rai

Prepp
Your Personal Exams Guide

93. उच्च श्रेणी के सिलिका बलुआ पत्थरों के बड़े भंडार क्रमशः इलाहाबाद और चित्रकूट जिलों के किन क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जो उत्तर भारत के काँच उद्योग की आपूर्ति का पारंपरिक स्रोत रहे हैं ?

(A) बामपुर और तरौहा
(B) शंकरगढ़ और बरगढ़
(C) खांडेसरा और थारीं
(D) सल्लाहपुर और कर्वी

Large deposits of high grade silica sandstones occur in which areas of Allahabad and Chitrakoot districts those have been the traditional source of supply to glass industry of North India respectively ?

(A) Bampur and Tarouha
(B) Shankargarh and Bargarh
(C) Khandesara and Tharri
(D) Sallahpur and Karwi

94. हाल ही में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उत्तर प्रदेश में एक सप्ताह चलने वाली "एक नल-एक पेड़ (वन टेप-वन ट्री)" योजना शुरू की । यह योजना निम्नलिखित में से किसके द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की गई है ?

(A) राज्य जल आपूर्ति विभाग और जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार
(B) कावेरी परियोजना और ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग
(C) नमामि गंगे एवं ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग
(D) जल जीवन मिशन और जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार

Recently Jal Shakti Minister Swatantra Dev Singh started the "One tap -One tree" - a week long scheme in Uttar Pradesh. This scheme is jointly launched by which among the following ?

(A) State Water Supply Department and Jal Shakti Mantralay, Gov. of India
(B) The Kaveri Project and Rural Water Supply Department
(C) The Namami Gange and Rural Water Supply Department
(D) Jal Jivan Mission and Jal Shakti Mantralay, Gov. of India

95. हाल ही में, नोएडा शासी निकाय ने किस सड़क का नाम बदलकर रामनाथ गोएन्का मार्ग कर दिया ?

(A) पाम स्ट्रीट (B) अमलताश रोड
(C) पार्क रोड (D) कैप्टन विजय थापर मार्ग

Recently, the Noida Governing body renamed which road as Ramnath Goenka Marg ?

(A) Palm Street
(B) Amaltash Road
(C) Park Road
(D) Captain Vijay Thapar Marg

96. "वीर अब्दुल हमीद फोरेस्ट, वन्य-जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार'' योजना किस वर्ष शुरू की गई थी ?

"Vir Abdul Hameed Forest, Wildlife and Environment Protection Award" scheme was started in which year ?

(A) 2012-13 (B) 2014-15
(C) 2022-23 (D) 2021-22

97. कानपुर में स्थित लाल इमली मिल किस प्रकार के वस्त्र के लिए प्रसिद्ध थी ?

(A) रेयॉन (B) कॉटन
(C) वूलन (ऊनी) (D) बनारसी सिल्क

Lal Imli Mill, situated in Kanpur was famous for which type of textile ?

(A) Rayon (B) Cotton
(C) Woollen (D) Banarasi Silk

98. उत्तर प्रदेश ने आईटी, टेक्सटाइल(वस्त्र), हस्तशिल्प और गैर-पारंपरिक ऊर्जा जैसे विभिन्न क्षेत्रों को पूरा करने के लिए राज्य में कितने SEZ (विशेष आर्थिक क्षेत्र) को मंजूरी दी है ?

Uttar Pradesh has approved how many SEZs (Special Economic Zones) in the state to cater to various sectors such as IT, textiles, handicrafts and non-conventional energy ?

(A) 11 (B) 21 (C) 31 (D) 30

99. लखनऊ में स्थित रूमी दरवाजा की ऊंचाई कितनी है ?

(A) 60 मीटर (B) 60 फीट
(C) 90 फीट (D) 90 मीटर

What is the height of the Rumi Darwaja situated in Lucknow ?

(A) 60 metres (B) 60 feets
(C) 90 feets (D) 90 metres

100. लखनऊ स्थित बाल संग्रहालय (चिल्ड्रन म्युजियम) की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

In which year the Children's Museum (Bal Sangrahalaya) situated in Lucknow was established ?

(A) 1975 (B) 1988 (C) 1970 (D) 1957